आर्डर शीट

न्यायालय अतिरिक्त संभागीय आयुक्त जोधपुर

राजस्व अपील सं0 298/2026 अनवान ***पांचाराम बनाम मोहनीदेवी वगैरा***

तारीख हुक्म	हुक्म या कार्यवाही मय इनिशियल्स जज	नम्बर व तारीख अहमकाम जो इस हुक्म की तामील में जारी हुए
19.05.26	पत्रावली वकील अपीलांट द्वारा प्रस्तुत मिसल तलबी एवं अपील विड्रो करने संबंधी प्रार्थना पत्रों के कम में तलब की जाकर तारीख पेशी पर ली गई। प्रस्तुत प्रार्थना पत्रों की सूचना रेस्पो0सं0 1 के अधिवक्ता को दी गई। वकील अपीलांट द्वारा प्रार्थना पत्र में उल्लेखित तथ्यों को दौहराते हुए मुख्यतः यह आग्रह किया कि हस्तगत अपील में पक्षकारों के मध्य आपसी समझाईश व लोक अदालत की भावना से राजीनामा हो गया है। प्रत्यर्थीगण ने जो जमीन अपने नाम राजस्व दस्तोजात में दर्ज करवायी है, वह हकतर्कनामा के जरिये वापस अपीलार्थी के नाम दर्ज करवा देगी। प्रकरण में न्यायालय हाजा का स्थगन होने से इसका कियान्वयन नही हो सकता है। इसलिए अपीलांट उक्त अपील विड्रो करना चाहते है। अतः उक्त अपील जरिये विड्रो खारिज फरमावे। अतः वकील अपीलांट द्वारा प्रस्तुत प्रार्थना पत्र स्वीकार किया जाकर अपीलांट की उक्त अपील जरिये विड्रोल खारीज की जाती है। प्रस्तुत प्रार्थना पत्र शामिल पत्रावली किया जावे। पत्रावली फैसल शुमार होकर नम्बर से कम की जावे। अधीनस्थ न्यायालय को निर्णय की सत्यप्रति से सूचित किया जावे। निर्णय आज दिनांक को खुले न्यायालय लिखाया जाकर, सुनाया गया [signature] 21/5/26. (सुनिता चौधरी) अतिरिक्त संभागीय आयुक्त जोधपुर	